कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री प्रभूदयाल बैरवा c/o मकान सं0 –6डी सोमनाथ नगर, गुर्जर छात्रावास के पीछे दौसा जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) सिकराय जिला दौसा
अपील सं0 58/2019

निर्णय

दिनांक : 22.1.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी,(अति0जिला कलेक्टर) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसको सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) सिकराय को प्रेषित किया गया। किन्तु प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) सिकराय को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/3029 दिनांक 26.12.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) सिकराय के पृष्ठांकित पत्रांक 18 दिनांक 10.1.2020 की प्रति सूचनार्थ इस कार्यालय को भिजवाते हुए अपीलांट को सूचना प्रेषित की गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना हेतु अपेक्षित कार्यवाही बाबत अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा